HGH INDIA® 2026
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
Jun 30-Jul 03, 2026. Bombay Exhibition Center, Mumbai

NEWS 3

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

# हाउसवेयर और स्मार्ट किचन पर खास फोकस

एचजीएच इंडिया 2026 का आयोजन 30 जून से 3 जुलाई के बीच मुंबई के बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में किया जाएगा। इस ट्रेड शो में होम टेक्सटाइल, फर्निशिंग, हाउसवेयर, होम डेकोर, होम फर्नीचर और गिफ्ट्स जैसी कैटेगरीज़ में 3,000 से अधिक होम प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज देखने को मिलेगी। शो में आने वाले आगंतुक भारत और 32 अन्य देशों के जाने–माने ब्रांड्स एवं मैनुफैक्चरिंग हब से कई तरह के मटीरियल एवं डिज़ाइनों में बने इन प्रोडक्ट्स को देख कर खरीद सकते हैं।

एचजीएच इंडिया में बिज़नेस और ट्रेड से जुड़े खरीदार तथा रीटेल, डिस्ट्रीब्यूशन, इंपोर्ट, इंस्टीट्यूशनल बाइंग, आर्कीटेक्चर और इंटीरियर डिज़ाइन, मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स हिस्सा ले सकते हैं। ट्रेड विज़िटर, मुफ्त एंट्री के बारे में अपडेट और शो की जानकारी पाने के लिए 20 जून से पहले पंजीकरण कर सकते हैं। हालांकि 20 जून के बाद कार्यक्रम से पहले या कार्यक्रम के दौरान प्रति व्यक्ति 1,000 रुपये का पंजीकरण षुल्क देकर पंजीकरण किया जा सकता है।

एचजीएच इंडिया ऐसा प्लेटफॉर्म है जहाँ पूरा भारतीय होम एवं लाइफस्टाइल उद्योग एक मंच पर इकट्ठा होता है। इस मंच के माध्यम से उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को न सिर्फ भावी बिज़नेस एवं सोर्सिंग के बारे में चर्चा करने बल्कि प्रोडक्ट इनोवेशन, नई उभरती कैटेगरीज़ को समझने, विचारों का आदान–प्रदान करने तथा होम फैशन, डिज़ाइन एवं मार्केट के आगामी ट्रेन्ड्स को जानने का अवसर भी मिलता है। एचजीएच इंडिया 2026 ऐसे समय में आ रहा है जब रीटेलरों को हर प्रोडक्ट, हर डिस्प्ले, हर सप्लायर और हर कैटेगरी से कहीं अधिक उम्मीदें हैं। शो के दौरान व्यापार जगत को यह देखने और समझने का अवसर मिलेगा कि कैसे कैसे फंक्शन, डिज़ाइन, सस्टेनेबिलिटी और सांस्कृतिक मूल्यों को मार्केट के अनुकूल प्रोडक्ट्स में बदला जा रहा है।

शो के इस संस्करण में कई पैविलियन और सपोर्टेड सेगमेन्ट होंगे जो एचजीएच इंडिया को खास बनाते हैं। प्रीसेंस ट्रेन्ड्स 2026–27, एच–सर्कल प्रोडक्ट इनोवेशन अवार्ड्स, स्मार्ट किचन, सस्टेनेबिलिटी, इंडियन हेरिटेज, घरों के लिए हाई–परफॉर्मेंस और फंक्शनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स, साथ ही होम कैटेगरी में आधुनिक प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज और इंटरनेशनल एक्ज़हीबिटर्स, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट्स– मार्केट को नया आयाम देते हैं। षो के ये सभी अवयव आज के दौर में मांग में हो रहे बदलाव की ओर इशारा करते हैं: ये खासतौर पर उन खरीदारों के लिए उपयोगी होंगे, जो हर कैटेगरी में बेहतर प्रोडक्ट, मज़बूत मटीरियल और ज़्यादा व्यवहारिक इस्तेमाल वाले सामान खरीदना चाहते हैं।

## स्मार्ट किचन

हॉल 4 में स्मार्ट किचन पैविलियन को आधुनिक किचन में हो रहे व्यावहारिक बदलावों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। इस पैविलियन में कुकिंग से जुड़े कई इनोवेटिव डिज़ाइन पेश किए जा रहे हैं, जो कुकिंग को सुविधानजक बनाते हैं, साथ ही सस्टेनेबिलिटी एवं एनर्जी की बचत करते हुए पौष्टिक और सेहत से भरपूर खाना तैयार करने में मदद करते हैं। यह पैविलियन इस बात पर भी रोषनी डालता है कि आज के खरीददार किचन प्रोडक्ट्स से क्या उम्मीद रखते हैं।

यहाँ बात जीवनषैली में बदलाव की है। आज के दौर में शहरी उपभोक्ता अपनी किचन के लिए ऐसे प्रोडक्ट्स चाहते हैं, जिससे कुकिंग तेज़, आसान, व्यवस्थित और मज़ेदार हो जाए। स्मार्ट किचन अब कोई नया पहलु नहीं बल्कि रोज़मर्रा की ज़रूरत बन चुकी है।

ऐसे में यह पैविलियन खरीदारों और ब्रांड्स, दोनों के लिए उपयोगी है। यह दिखाता है कि किचन ट्रेड में बेहतरीन डिज़ाइन और गुणवत्ता वाले ऐसे प्रोडक्ट्स की ओर झुकाव बढ़ रहा है जो रोज़मर्रा के काम को आसान बना दें।

एचजीएच इंडिया की टीम हाउसवेयर हॉल 4 में 25 से अधिक एक्ज़हीबिटर्स के सहयोग से स्मार्ट किचन की अवधारणा ला रही है। साथ ही ग्लेन अप्लायंसेज़ की ओर से सभी कंसील्ड किचन अप्लायंसेज़ भी इंस्टॉल किए जा रहे हैं।

## हाउसवेयर हॉल 4

### ऑल्डा

ग्लेन अप्लायन्सेज़ का प्रीमियम किचनवेयर ब्रांड, ऑल्डा शो में ऐसे आधुनिक कुकवेयर और किचन सॉल्यूशन्स पेश करेगा जिन्हें मज़बूती, भोजन की सुरक्षा और आधुनिक फंक्शनैलिटी को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। इनमें शामिल हैं: आयरिंग लाईटवेट कास्ट–आयरन कुकवेयर जो नाइट्राइडिंग रस्ट से सुरक्षित रहता है; सेरेमिको नैचुरल सैंड–बेस्ड सेरेमिक कुकवेयर; एवरलास्ट नेक्स्ट–जेनरेशन नॉन–स्टिक कुकवेयर जो बेहद मज़बूत पीईईके कोटिंग टेक्नोलॉजी के साथ आता है; और लक्सवुड हैंडक्राफ्टेड हार्डवुड किचन एक्सेसरीज़ जो भारतीय कारीगरी से प्रेरित हैं। प्रदर्शनी में टॉपचॉप और प्रॉपचॉप शेफ–ग्रेड नाइफ कलेक्शन के साथ–साथ स्मार्ट किचन टूल्स और प्लास्टिक–फ्री फूड स्टोरेज सॉल्यूशन्स भी पेश किए जाएंगे, जिन्हें आज के किचन के लिए बनाया गया है।

### बर्गनर

1999 से ऑस्ट्रिया का ग्लोबल किचनवेयर ब्रांड, 'बर्गनर इम्पेक्स इंडिया' के माध्यम से अपने कुकवेयर, बेकवेयर, किचन टूल्स और एक्सेसरीज़ पोर्टफोलियो को पेष करेगा। बर्गनर रोज़ाना की कुकिंग को सुरक्षित और प्रभावी बनाने वाले इनोवेशन के साथ–साथ, नई पीढ़ी के ट्राई–प्लाई स्टेनलैस स्टील कुकवेयर भी षो में ला रहा है। यह ब्रांड ट्राई–प्लाई स्टेनलैस स्टील, इनेमल कास्ट आयरन, सेरेमिक कुकवेयर और अन्य कई तरह के प्रोडक्ट्स के साथ, किचनवेयर के लिए एक वन–स्टॉप गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बनाना जारी रखे हुए है।

### बोरोसिल

भारत के जाने–माने घरेलू किचनवेयर और ग्लासवेयर ब्रांड्स में से एक, बोरोसिल, किचन अप्लायंसेज और







होमवेयर में नए इनोवेशन की एक रेंज पेश करेगा, जहां आधुनिक डिज़ाइनों और फंक्शेनिलिटी का बेहतरीन तालमेल देखने को मिलेगा। इस कलेक्शन में पोर्टेबल ब्लेंडर, मल्टी-फंक्शन ब्लेंडर और वेरिएबल टेम्परेचल कैटल के साथ-साथ लाईफस्टाइल रेंज ओपल ग्लासवेयर, थर्मोवेयर, किचन स्टोरेज और डाइनिंग सॉल्युशन भी पेश किए जाएंगे।

## ट्रामोंटिना

ट्रामोंटिना, 115 वर्ष पुराना ब्राज़ील का कुकवेयर एवं हाउसवेयर ब्रांड है जो 130 देशों में मौजूद है। षो के मंच पर यह ब्राण्ड आधुनिक किचन के लिए डिज़ाइन किए गए कलेक्षन पेश करने जा रहा है। इनमें षानदार हीट रीटेंषन के लिए बेस्टो इनेमल्ड कास्ट आयरन रेंज, रोज़मर्रा के इस्तेमाल में आसान हेरिटेज कास्ट आयरन कलेक्शन तथा आधुनिक इंटीरियर के लिए डिज़ाइन किए गए मजबूत और स्लीक स्टेनलैस स्टील के बिन शामिल हैं। विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त नाईफ और किचन टूल्स इस प्रदर्शनी को संपूर्ण बनाते हैं। ये सभी पहलु फंक्शनेलिटी, आकर्षण और आधुनिक जीवनशैली के लिए ट्रामोंटिना की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## एम्बर कुकवेयर

एम्बर कुकवेयर, जिन्हें बेहतरीन डिज़ाइन और मटीरियल वाले कुकवेयर के लिए जाना जाता है, आज के दौर की भारतीय किचन के लिए एक नया दृष्टिकोण लेकर आए हैं। ब्राण्ड इनोवेशन और मटीरियल साइंस के



संयोजन द्वारा ऐसे कुकवेयर बनाता है जो नॉन-टॉक्सिक (हानिकारक पदार्थों से मुक्त) और देखने में षानदार हैं, साथ हीं इनमें खाना बनाने में तेल भी कम लगता है। इन प्रोडक्ट्स की सेरेमिक कोटिंग, टाइटेनियम-क्लैड कास्ट आयरन और सोच-समझकर तैयार किए गए डिज़ाइन सुरक्षित कुकिंग, बेहतर परफॉर्मेंस के साथ किचन के अनुभव को बेहतर बनाते हैं।

## किचनएड

किचनएड, जो प्रीमियम किचन अप्लायंसेज और कुकिंग में इनोवेशन के लिए दुनिया भर में मशहूर है, षो के मंच पर दो नए प्रोडक्ट्स पेश करेगाः 'किचनएड गो कॉर्डलेस रेंज' रिचार्जेबल बैटरी से पावर्ड है, जिससे



खाना बनाना आसान हो जाता है। वहीं 'प्योर पावर ब्लेंडर' स्मूदी, सूप, फ्रोज़न सामग्री और अन्य चीज़ों के लिए बेहतरीन ब्लेंडिंग और सटीक कंट्रोल देता है। ब्राण्ड ने आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए प्रीमियम कारीगरी और मज़बूती के साथ ये दोनों रेंज तैयार की हैं।

## कोहे

केजीओसी, जिसे पहले कंगारू, म्युनिक्स एवं माइल्स जैसे जाने-माने ब्रांड्स के लिए जाना जाता था, उनके पास स्टेशनरी, इंडस्ट्रियल टूल्स और किचन के ज़रूरी सामान बनाने में छह दशकों से ज़्यादा का अनुभव है। ग्रुप, एचजीएच इंडिया 2026 के मंच पर अपने लाइफ़स्टाइल और किचनवेयर ब्रांड कोहे को पेश करने जा रहा है। ब्राण्ड को सोच-समझ कर डिज़ाइन किए गए किचन असेन्शियल्स के लिए जाना जाता है जिनमें नाइफ, पीलर, चॉपिंग बोर्ड, गैस लाइटर, मैनुअल चॉपर, पिज़्ज़ा कटर और ग्रेटर (कद्दूकस) शामिल हैं। फ़ंक्शनैलिटी, गुणवत्ता और आधुनिक इस्तेमाल को ध्यान में रखकर बनाया गया यह कलेक्शन रोज़ाना की कुकिंग और आज के दौर के किचन दोनों के लिए बेहतरीन है।

## थिनकिचन

सीबा इंडस्ट्रीज़ का प्रीमियम किचनवेयर और होमवेयर ब्रांड, थिनकिचन 35 से अधिक इंटरनेशनल ब्राण्ड्स को एक साथ लाता है। इनमें किल्नर, किचनएड, ब्रबंतिया और टायफून शामिल हैं। 1986 से मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट में विशेषज्ञता साथ, इनके कलेक्शन में स्टोरेजवेयर, कुकवेयर, बेकवेयर, सर्ववेयर, बारवेयर



और बहुत कुछ शामिल है। यह कलेक्शन प्रीमियम ग्लोबल प्रोडक्ट्स, आधुनिक जीवनशैली और भारतीय मार्केट के लिए इंटीग्रेटेड रीटेल, होरेका और ओईएम एवं गिफ्टिंग सॉल्यशन्स पर थिनकिचन के फोकस को दर्षाता है।

## सेलो ग्लासवेयर

सेलो ग्लासवेयर अपने स्मार्ट लॉक कंटेनर्स और प्रीमियम गिफ्ट सेट्स की नई रेंज पेश करेगा। भारत में कंपनी की आधुनिक ग्लास मैन्युफैक्चरिंग युनिट में बने



इस कलेक्शन में क्लैरिटी, मज़बूती और एयरटाइट स्टोरेज परफॉर्मेंस के साथ-साथ आधुनिक लुक भी है, जो आज के घरों के लिए प्रैक्टिकल स्टोरेज और बेहतरीन गिफ्टिंग सॉल्युषन्स देता है।

## क्ले क्राफ्ट

क्ले क्राफ्ट इंडिया, भारत की प्रमुख सेरेमिक और पोर्सिलेन टेबलवेयर बनाने वाली कंपनियों में से एक है। षो के मंच पर ब्राण्ड- रीटेल, हॉस्पिटैलिटी और लाइफस्टाइल मार्केट की बदलती ज़रूरतों के अनुसार डिज़ाइन किए गए पोर्सिलेन और सेरेमिक टेबलवेयर



कलेक्शन का आधुनिक पोर्टफोलियो पेश करेगा। इस पोर्टफोलियो में पोर्सिलेन कलेक्शन, आधुनिक डाइनिंग और सर्विंग सॉल्यूशन, गिफ्टिंग के लिए टेबलवेयर, बेवरेजवेयर और होरेका (होटल, रेस्टोरेंट, कैफे) पर केंद्रित कलेक्शन शामिल होंगे, जिन्हें आधुनिक स्टाइल, मज़बूती, फंक्शनैलिटी और शानदार डाइनिंग के अनुभव को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

## बीपी भारत

टेबलवेयर और हॉस्पिटैलिटी प्रोडक्ट सॉल्यशन्स के लिए विख्यात कंपनी बीपी भारत, लाइफस्टाइल और प्रोफेशनल दोनों कैटेगरीज़ में आधुनिक प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज पेश करेगी। इस रेंज में आधुनिक टेबलवेयर कलेक्शन, रोज़मर्रा के डाइनिंग असेन्शियल्स और परफॉर्मेंस-बेस्ड होरेका सॉल्युशन्स शामिल होंगे, जिन्हें रीटेल और हॉस्पिटैलिटी की बदलती ज़रूरतों के अनुसार फंक्शनैलिटी, मज़बूती और बेहतरीन लुक को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

## ईस्ट कोस्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स

ईस्ट कोस्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एचजीएच इंडिया 2026 के मंच पर टेबलवेयर, ड्रिंकवेयर और किचनवेयर का प्रीमियम कलेक्शन पेश करने जा रहे हैं। इसमें उनका अपना ब्रांड रॉक्स तथा ग्लासवेयर और टेबलवेयर के लिए जाने-माने इंटरनेशनल नाम ल्युमिनार्क और क्रिस्टल डी' आर्केस और टेस्कोमा की मषहूर यूरोपियन किचनवेयर रेंज भी प्रदर्शित की जाएगी। ल्युमिनार्क के नए कलेक्शन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा, जो अपनी सदाबहार खूबसूरती और आधुनिक डाइनिंग सॉल्यूशंस के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं। रीटेल, गिफ्टिंग, होरेका एवं होम लिविंग के लिए डिज़ाइन किया गया यह कलेक्शन डाइनिंग और किचनवेयर कैटेगरी में बदलते ग्लोबल ट्रेन्ड्स को दर्शाता है।

## द स्टोन सैफायर

कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन में अग्रणी ग्रुप द स्टोन सैफायर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड होमवेयर और किचन सॉल्युषन्स की रेंज पेश करेंगे। शो के मंच पर पेश किए जाने वाले पोर्टफोलियो में में शामिल हैं - आधुनिक डिज़ाइन और रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए बने



इन–हाउस ब्रांड स्टन की लॉन्चिंग; कोरेल के लाइटवेट और मज़बूत डिनरवेयर, कोरेला ड्यूरानैनो के अनकोटेड ट्राई–प्लाई स्टेनलैस स्टील कुकवेयर, और लाव (जो मॉर्डन ड्रिंकवेयर सॉल्यूशंस के लिए मशहूर तुर्की का प्रमुख ग्लासवेयर ब्रांड है) के प्रोडक्ट्स।

## बोहरा मार्केटिंग

बोहरा मार्केटिंग एलएलपी, ग्लोबल ब्राण्ड्स के षानदार पोर्टफोलियो का प्रतिनिधित्व करते हुए एचजीएच इंडिया 2026 में वापसी कर रहे हैं। टेबल एंड टेल मलेशिया से



अपना नया 100 फीसदी शुद्ध मेलामाइन कलेक्षन लेकर आए हैं, जिसमें फाईन पार्सिलेन की पारदर्शी चमक और षानदार फिनिष दिखाई देती है। पाशाबाचे –लाईटवेट और आधुनिक एवं ट्रेंडी टेबलटॉप और ग्लासवेयर कलेक्षन ला रहा है। रिचर्डसन शेफ़ील्ड, 185 वर्षों की ब्रिटिश शिल्प कौशल और सटीक इंजीनियरिंग के संयोजन से बने प्रोफेषनल–ग्रेड किचन नाईफ पेष करेगा। वहीं न्यूड ग्लास सादगी और आधुनिक ख़ूबसूरती का संयोजन– बेहतरीन ग्लासवेयर ला रहा है, जबकि आइवियो रोजमर्रा के लिए डिज़ाइन किए गए आधुनिक टेबलवेयर और रोज़मर्रा की ज़रूरी चीज़ें पेष करेगा।

## ऑल टाइम प्लास्टिक्स

घरेलु इस्तेमाल की चीज़ों और किचनवेयर सॉल्युशन्स की व्यापक रेंज के लिए विख्यात ऑल टाइम प्लास्टिक्स, किचन, स्टोरेज एवं युटिलिटी कैटेगरी में



ऐसे प्रोडक्ट्स पेश करेगा जिन्हें रोज़मर्रा के जीवन को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस कलेक्शन का मुख्य आकर्षण केन्द्र होगी– क्रिस्पर कंटेनर्स रेंज। 100 फीसदी फूड–ग्रेड, बीपीए–रहित मटीरियल से बनी यह रेंज आधुनिक किचन में स्टोरेज को व्यवस्थित बनाती है। एयरटाइट सिलिकॉन गैस्केट तकनीक, मॉड्यूलर स्टैकेबल साइज़ और पारदर्शी ढक्कन वाले ये कंटेनर कम जगह घेरते हैं, खाद्य पदार्थो की ताज़गी बनाए रखते हैं और फंक्षनेलिटी के दृष्टिकोण से भी बेहतरीन हैं।

## एशियन प्लास्टोवेयर्स

घरेलू एवं लाइफ़स्टाइल युटिलिटी प्रोडक्ट्स के लिए मशहूर एशियन प्लास्टोवेयर्स, अपने इनोवेषन्स लेकर आएगा, जो आधुनिक डिज़ाइन, सुविधा एवं फंक्षनेलिटी का बेहतरीन संयोजन हैं। इस रेंज के मुख्य आकर्शण हैं– हाल ही में लॉन्च हुआ बिंज बॉक्स टिफ़िन, इसमें इंसुलेटेड डिज़ाइन के साथ–साथ ऐसा ढक्कन दिया गया है जो मोबाइल स्टैंड होल्डर की तरह काम करता है; शानदार डिटेलिंग और आधुनिक लुक




वाला प्रीमियम ज्वेल फ़्लास्क; और रोज़ाना हाइड्रेशन और भाग–दौड़ भरी जीवनषैली के लिए डुअल–टोन रंगों में पेश की गई 'अल्ट्रा सिप' इंसुलेटेड वॉटर बॉटल रेंज।

## जेपी और जेपी प्लस

भारत के प्रमुख हाउसवेयर और किचनवेयर ब्रांड्स में से एक जेपी, रोज़मर्रा की सुविधा और आधुनिक जीवनशैली के लिए डिज़ाइन किए गए कैसरोल, इलेक्ट्रॉनिक कुकवेयर, स्कूल लंच बॉक्स, पानी की



बोतलें और वैक्यूमवेयर प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज पेश करेगा। भारत के सबसे बड़े कैसरोल निर्माताओं में से एक के रूप में विख्यात यह ब्रांड आधुनिक घरों के लिए बेहतरीन और इस्तेमाल में आसान प्रोडक्ट्स लेकर आता हैं, जो आधुनिक डिज़ाइन, फंक्शनेलिटी और उपयोगिता का बेहतरीन संयोजन हैं।

## नयासा

नयासा, जो हाउसवेयर के क्षेत्र में एक जाना–माना भारतीय ब्रांड है, वाइब्रेन्ट रंगों और मज़बूत बीपीए–रहित मटीरियल से बने इंसुलेटेड कैसरोल, वैक्यूम फ्लास्क और मॉड्यूलर ऑर्गनाइज़र पेश करेगा। ये प्रोडक्ट्स



मज़बूती, फंक्श्नेलिटी और आकर्षक आधुनिक डिज़ाइन का बेहतरीन संयोजन हैं।

## फ्लेयर हाउसवेयर

फ्लेयर हाउसवेयर, को आधुनिक ड्रिंकवेयर और हाउसवेयर प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है। ब्राण्ड अपनी प्रीमियम इंसुलेटेड ड्रिंकवेयर रेंज का विस्तार कर रहा है तथा आधुनिक जीवनषैली और पर्सनलाइज़ेशन को ध्यान में रखते हुए नए प्रोडक्ट्स लॉन्च कर रहा है। इस रेंज में षामिल है– एक स्टाइलिश डबल–वॉल वैक्यूम इंसुलेटेड टम्बलर 'वाईब' है, जो तापमान पर नियन्त्रण बनाए रखता है और पोर्टेबल होने के कारण अपने साथ आसानी से ले जाया जा सकता है। इसके साथ प्रीमियम टम्बलर रेंज एरो भी पेश की जाएगी– जिसमें पर्सनलाइज़्ड डिज़ाइन और गिफ्टिंग के लिए इन–हाउस 3डि कस्टमाइज़ेशन की सुविधा है।

## नैनोबॉट

राजस्थान के जोधपुर में स्थित नैनोबॉट हाउसवेयर्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, शो के मंच पर 'नैनोबॉट सोलो लंच थर्मस' पेश करेगी। यह मजबूत स्टेनलेस स्टील टिफिन ज़रूरत पड़ने पर रोज़ाना इस्तेमाल किया जा सकता है। कंपनी की अपनी आईएसओ और बीआईएस–सर्टिफाइड फैक्ट्री में बने इस प्रोडक्ट में डबल–वॉल वैक्यूम इंसुलेशन, कॉपर–कोटेड थर्मल कोर और लिफ्ट–लिड एयर–रिलीज़ मैकेनिज्म जैसी खूबियां हैं। इसका एयर–रिलीज़ मैकेनिज्म सुनिश्चित करता है की ढक्कन फंस ना जाए, फूड–ग्रेड स्टेनलेस स्टील 304 से बने इस प्रोडक्ट में रिप्लेसेबल ढक्कन और सिलिकॉन सील दिए गए है। ये सभी फीचर्स मज़बूती, सजग जीवनशैली और रोज़मर्रा में कूड़ा कम करने जो सस्टेनेबिलिटी पैविलियन की प्रतिबद्धता से मेल खाते हैं।

## वीगो

आधुनिक फूड स्टोरेज सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली कंपनी वीगो लंचबॉक्स के लिए अपनी पेटेंटेड स्टील–पॉलिमर सीलिंग टेक्नोलॉजी पेश करेगी। यह



टेक्नोलॉजी एक अलग तरह के प्रोडक्ट फॉर्मेट के ज़रिए बेहतर लीक–रेसिस्टेंस, साफ़–सफ़ाई और लंबे समय तक चलने वाली मज़बूती देती है।

# अनूठे डिज़ाइन | इंटरनेशनल ब्रांड्स | 30 देश

## इंटरनेशनल सोर्सिंग

एचजीएच इंडिया 2026 रीटेलरों, आयातकों, डिस्ट्रीब्यूटरों, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनरों और संस्थागत खरीददारों के लिए दुनिया भर से इंटरनेशनल प्रोडक्ट्स लेकर आ रहा है। यह मंच लम्बे समय के लिए साझेदारियों पर भी ध्यान केन्द्रित करेगा। एचजीएच इंडिया न्यूज़ के इस एडिशन में, हम हाउसवेयर कैटेगरी में इंटरनेशनल सोर्स और ब्रांड्स को शामिल कर रहे हैं। सभी इंटरनेशनल एक्ज़हीबिटर्स हॉल 4 में मौजूद होंगे, इस हॉल को विषेश रूप से हाउसवेयर के लिए निर्धारित किया गया है। होम डेकोर और फर्नीचर के इंटरनेशनल एक्ज़हीबिटर्स को भी एचजीएच इंडिया न्यूज़ 4 में पेश किया जाएगा।

### इटली

#### एफआईएमएम इटालिया

एफआईएमएम इटालिया जिसे मैटल के झाड़ू के हैंडल और घरेलू इस्तेमाल के प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है, भारत में मैन्युफैक्चरिंग पार्टनरशिप के अवसर एक्स्प्लोर करेंगे।



### फ्रांस

#### लाको

लाको, जो घर की सफाई और पॉलिशिंग प्रोडक्ट्स के लिए फ्रांस का एक जाना-माना ब्रांड है, पहली बार एचजीएच इंडिया के हॉल 4 में अपने प्रोडक्ट्स पेश करने जा रहा है। कंपनी प्रोफेशनल-ग्रेड परफॉर्मेंस वाले,



सस्टेनेबल, ईकोसर्ट-सर्टिफाइड और नॉन-टॉक्सिक क्लीनिंग प्रोडक्ट्स पेश करेगी। लाको भारत में आयात, वितरण और कारोबार संबंधी साझेदारियों पर ध्यान देगी।

### सिंगापुर

#### ज़ीमोमेन्ट्स

सिंगापुर की कंपनी ज़ीमोमेन्ट्स, आधुनिक डिनरवेयर का सस्टेनेबल ब्राण्ड है जो टेबलवेयर डिज़ाइन पर विषेश रूप से ध्यान देता है। ब्राण्ड एचजीएच इंडिया के मंच पर अपना नया कलेक्शन पेश करने जा रहा है। रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन किया गया यह मजबूत और आकर्शक कलेक्शन लम्बे समय तक चलता है।



### चीन

#### हुआंगयान इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कॉर्पोरेशन

हुआंगयान इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कॉर्पोरेशन झेजियांग, ग्लोबल ट्रेड में दशकों के अनुभव के साथ अपने हाउसवेयर और किचनवेयर की व्यापक रेंज पेश करेगा। 1988 में स्थापित, यह कंपनी लंच बॉक्स, चॉपिंग बोर्ड, वॉटर बोतल, हाउसवेयर, गिफ्ट्स और कई तरह के प्रोडक्ट पेश करती है। अंतर्राश्ट्रीय स्तर पर सषक्त मौजूदगी के साथ, इसके प्रोडक्ट कई ग्लोबल मार्केट्स में बेचे जाते हैं। कंपनी नए अवसरों का लाभ उठाने और नए संभावी मार्केट्स में अपनी पहुंच बढ़ाने के प्रयास जारी रखे हुए है।

#### कैंगनान काउंटी ज़िंगताई क्लीनिंग सप्लाईज़ कंपनी लिमिटेड

कैंगनान काउंटी ज़िंगताई क्लीनिंग सप्लाईज़ कंपनी लिमिटेड, मैनुफैक्चरिंग में दो दशकों से अधिक अनुभव के साथ क्लीनिंग सॉल्यूशन की व्यापक रेंज पेष करने जा रही है। कंपनी कई तरह के मॉप बनाने में माहिर है, जिसमें ट्विस्ट मॉप, वॉटर मॉप, फ्लैट मॉप के साथ-साथ डस्टर और फ्लोर वाइपर शामिल हैं, जो सफाई की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करते हैं। इसके प्रोडक्ट यूरोप, एशिया, मिडिल ईस्ट और यूएसए में निर्यात किए जाते हैं। बड़े पैमाने की उत्पादन क्षमता और



गुणवत्ता की सख्त प्रक्रियाओं के लिए विख्यात यह कंपनी भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### वुयी शुआंगली कप कंपनी लिमिटेड

वुयी शुआंगली कप कंपनी लिमिटेड एक पूरी तरह से इंटीग्रेटेड एंटरप्राइज़ के रूप में आरएंडडी, प्रोडक्शन और सेल्स का काम संभालती है; कंपनी गुणवत्ता के मानकों और प्रोडक्ट के विकास पर फोकस करते हुए 70 से अधिक देशों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है। मैनुफैक्चरिंग में दो दशकों से अधिक अनुभव के साथ कंपनी स्टेनलेस स्टील वैक्यूम फ्लास्क, पानी की बोतलें, कॉफी पॉट और मग की व्यापक रेंज पेश करती है। सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट मैनुफैक्चरिंग पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, कंपनी 5जी-इनेबल्ड इंटेलीजेंट फैक्ट्री की ओर भी अग्रसर है।



#### हेनान हुआबांग इम्प्लीमेंट एंड कुकर कंपनी लिमिटेड

हेनान हुआबांग इम्प्लीमेंट एंड कुकर कंपनी लिमिटेड, मैनुफैक्चरिंग में तीन दशकों से अधिक अनुभव के साथ प्रेस्ड कास्ट आयरन कुकवेयर में अपनी विशेषज्ञता पेश करेगी। कंपनी पूरी तरह से इंटीग्रेटेड इन-हाउस क्षमताओं के साथ बड़े पैमाने की सुविधा का संचालन करती है- जिसमें मोल्ड डेवलपमेंट, कास्टिंग, पॉलिशिंग, इनेमलिंग, नॉन-स्टिक कोटिंग और एडवांस्ड सरफेस ट्रीटमेंट शामिल हैं। गुणवत्ता और अंतर्राश्ट्रीय मानकों जैसे आईएसओ 9001 और बीएससीआई पर फोकस करते हुए, हुआबांग यूरोप और यूएस सहित दुनिया के कई बाज़ारों में मजबूत और बेहतरीन परफोर्मेन्स वाले कुकवेयर डिलीवर करती है। अपनी मज़बूत प्रोडक्शन क्षमता और गुणवत्ता पर नियन्त्रण बनाए रखते हुए, कंपनी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है और साथ ही दीर्घकालिक साझेदारियों पर भी ध्यान दे रही है

#### झेजियांग हाओनान इंडस्ट्री एंड ट्रेड कंपनी लिमिटेड

झेजियांग हाओनान इंडस्ट्री एंड ट्रेड कंपनी लिमिटेड, एचजीएच इंडिया में मॉड्यूलर स्टोरेज के समाधान ला रही है, जिसमें डीआईवाय वॉर्डरोब, शू कैबिनेट, बुककेस, स्टोरेज रैक, बेडसाइड कैबिनेट और किचन शेल्फ शामिल हैं। इन-हाउस आर एंड डी के साथ, उनके पोर्टफोलियो में स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित मटीरियल और आधुनिक डिज़ाइन को प्राथमिकता दी जाती है। ये प्रोडक्ट रीटेल और हॉस्पिटैलिटी दोनों सेक्टरों की उम्मीदों पर खरे उतरते हैं। ग्लोबल सप्लाई नेटवर्क के साथ, हाओनान खरीदारों के लिए पर्यावरण अनुकूल प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज लेकर आती है, जिन्हें आधुनिक एवं संगठित रीटेल की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

#### योंगकांग ज़िनक्सिन मेटल प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड

चीन की हार्डवेयर मैनुफैक्चरिंग राजधानी योंगकांग में स्थित, ज़िनक्सिन टूल्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड अपने प्रिसिजन-कास्ट स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स और हार्डवेयर टूल्स को एचजीएच इंडिया में ला रही है। पूरी तरह से इंटीग्रेटेड आर एंड डी, मैन्युफैक्चरिंग और सेल्स ऑपरेशन के साथ, कंपनी अमेरिका, जापान, कोरिया और यूरोप को निर्यात करती है। आपूर्ति एवं अंतरराष्ट्रीय खरीद मानकों को ध्यान में रखते हुए हार्डवेयर और टूल्स खरीदने वालों को भरोसेमंद अनुभव प्रदान करती है।

### अन्य प्रतिभागी ब्राण्ड्स

उपरोक्त ब्राण्ड्स एवं प्रदर्शकों के अलावा, कई अन्य देशी-विदशी हाउसवेयर ब्रांण्ड्स भी अपने आधुनिक कलेक्शन पेश करने जा रहे हैं, जिनमें पर्लपेट, येरा, एफएनएस, पेक्सपो, सिग्नोरावेयर, वोला आदि शामिल हैं।

19th HGH India
June 30 – July 03, 2026
Bombay Exhibition Center, Mumbai

Scan the QR Code to Register

For the latest updates
www.hghindia.com